# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार



विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


BRLPS-LSBA/Acctts/60/18/237 दिनांक : 27.6.2018

प्रेषक :

बालामुरुगन डी., भा. प्र. से.

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक,

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त- सह- उपाध्यक्ष,

जिला जल एवं स्वच्छता समिति,

बिहार ।

विषय : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना एवं गंगा कार्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 का जिलावार व्यय विवरणी का राज्य खाते से मिलान के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक BRLPS/LSBA/Accts/60/18/132 दिनांक 19-05-2018 एवं 169 दिनांक 04-06-2018 का कृपया निदेश करें । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य स्तरीय टीम अबतक पटना, मुजफ्फरपुर, सारण, मुंगेर, भागलपुर, सहरसा एवं दरभंगा प्रमंडल का दौरा कर चुकी है । इस दौरान कतिपय जिलों के लेखा संधारण की स्थिति चिंताजनक है तथा इसमें सुधार की आवश्यकता है । इन सात प्रमंडलों के अंतर्गत आने वाले 29 जिलों में केवल 11 जिलों का लेखा मिलान का कार्य पूरा हो सका । इनमे चार जिले यथा पटना, नालंदा, कैमूर एवं वैशाली का लेखा मिलान अभियान में पूर्णतः अनुपस्थित रहना खेद की बात है ।

इस कार्य को पूरा करने हेतु निम्नांकित रूप से कार्यक्रम निर्धारित किया जा रहा है तथा अपेक्षा की जाती है कि सभी सम्बंधित जिले पूर्ण तैयारी के साथ निर्धारित स्थान पर आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेंगे तथा लेखा मिलान का कार्य पूरा करेंगे :

(क) राज्य की दो अलग -अलग टीम मगध(गया) एवं पूर्णिया प्रमंडल के अनार्गत आने वाले नौ जिलो (गया, नवादा, औरंगाबाद, अरबल एवं जहानाबाद, पूर्णिया, अररिया, कटिहार एवं किशनगंज के लेखा मिलान कार्य हेतु दिनांक दिनांक 29-06-2018 से दिनांक 02-07-2018 को गया एवं पूर्णिया के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में उपस्थित रहेगी ;

(ख) सहरसा एवं सुपौल उक्त तिथि को पूर्णिया में ही अपने जिले के अधूरे मिलान कार्य को पूरा करेगी ;

(ग) पटना, कैमूर, नालंदा एवं वैशाली जिले के लेखा मिलान का कार्य दिनांक 05-07-2018 एवं दिनांक 06-07-2018 को जीविका कार्यालय, बिस्कोमान भवन (पांचवे तले ) में किया जायेगा ।

(घ) राज्य टीम पूर्णिया से वापसी में दरभंगा में दिनांक 03-06-2018 को दरभंगा एवं मधुबनी के अधूरे मिलान कार्य को पूरा करेगी ।

(ङ) भागलपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, खगरिया शिवहर, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सारण, लखीसराय एवं रोहतास जिलों के अधूरे लेखा मिलान कार्य दिनांक 08-07-2018 एवं 09-07-2018 को जीविका कार्यालय, बिस्कोमान भवन (पांचवे तले ) में किया जायेगा ।

अतः निदेश दिया जाता है कि कृपया पूर्ण तैयारीयों एवं अभिलेखों के साथ उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने जिले के लेखा संधारण से सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर प्रतिभागिता सुनिश्चित करें । लेखा मिलान कार्य में सहयोग नही करने अथवा कोताही वरतने वाले कर्मियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कारवाई की जाए ।

विश्वासभाजन

27/06/18

(बालामुरुगन डी.)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-
सह- मिशन निदेशक,

ज्ञापांक ______________ दिनांक ______________

प्रतिलिपि :

1. सभी जिला समन्वयक (LSBA), जिला जल एवं स्वछता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित
2. जिला परियोजना प्रबंधक / वित्त प्रबंधक जीविका , सम्बंधित जिले को सूचनार्थ एवं आवश्यक कर्यार्थ -प्रेषित।
3. सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित
4. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

27/06/18

(बालामुरुगन डी.)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-
सह- मिशन निदेशक,